पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

प्रदेश की राजधानी के सबसे ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का राजभवन में होगा लोकार्पण

————————

राजभवन के बड़े लॉन में राज्यपाल द्वारा किया जायेगा लोकार्पण

———————

मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सहित अन्य गणमान्यों की उपस्थिति में होगा लोकार्पण

——————

गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगाँठ के अवसर पर 75 मीटर ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का होगा लोकार्पण

———————

'श्री अन्न' व्यंजन प्रतियोगिता व सांस्कृतिक संध्या सहित विविध कार्यक्रमों का होगा आयोजन

——————

लखनऊ 25 जनवरी 2024

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा राजभवन परिसर के बड़े लॉन में गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगाँठ (अमृत वर्ष) के अवसर पर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के उच्चतम राष्टीय ध्वज का लोकार्पण किया जाएगा।

इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित उपमुख्यमंत्री द्वय श्री केशव प्रसाद मौर्य, श्री ब्रजेश पाठक व अन्य गणमान्यों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

करोड़ों भारतीयों की आशाओं और आकांक्षाओं के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज की लंबाई 90 फीट, चौड़ाई 60 फीट है, जो 75 मीटर (246 फीट) की ऊंचाई पर स्थापित है।

राजभवन में स्थापित होने जा रहे राष्ट्रीय ध्वज स्तंभ मैनराइडर यूनिट एवं एविएशन लाइट युक्त स्वचालित मोटर प्रणाली पर आधारित है, तथा इसे 12 मीटर

ऊंचाई के 04 स्तंभ से 08 अदद 350 वॉट एलइडी लाइटों द्वारा प्रकाशित किया गया है। राष्ट्रीय ध्वज स्तंभ के नींव की गहराई 14 फीट है।

75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन में विविध कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायेगा। कार्यक्रमों की श्रृंखला में मिलेट्स व्यंजनों के प्रोत्साहन हेतु राजभवन महिला कार्मिकों व अध्यासितों के लिए 'श्री अन्न' व्यंजन प्रतियोगिता के साथ–साथ राजभवन में गणतंत्र दिवस की संध्या पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेगा।

————————

कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र–9454468250